6040 E
31/8/2026

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 31/8/2026 को सम्पन्न परिवाद समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, खगड़िया अन्तर्गत Long Term Output and Performance Based Road Assets Maintenance Works Under OPRMC-III Package No.-18A/Khagaria कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद पर विभागीय पत्रांक–2217(E) दिनांक–01.04.2026, पत्रांक–2360(E) दिनांक–09.04.2026 एवं विभागीय ज्ञापांक–5625 (E) दिनांक–17.08.2026 द्वारा गठित समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री अभिषेक पलासिया, संयुक्त सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री राजेश कुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री सुनील कुमार सुमन, मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–13.08.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही, जो उपभागीय ज्ञापांक–1338 दिनांक–13.08.2026 द्वारा संसूचित है, में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1415(अनु०) दिनांक–25.08.2026 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–25.08.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम एवं पैकेज संख्या | : | Long Term Output and Performance Based Road Assets Maintenance Works Under OPRMC-III Package No.-18A/Khagaria |
| 2.2 | योजना मद | : | 3054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, खगड़िया। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹16734.77000 लाख।<br>विभागीय ज्ञापांक–3247(एस०) दिनांक–12.05.2026 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹18848.35000 लाख।<br>मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–907 (अनु०), दिनांक–24.05.2026 |
| 2.6 | ECV/परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹16679.800740 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 84 (Eighty-four) Months. |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (MBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 03.07.2026 |
| 2.10 | प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | पुनर्निविदा नहीं है। |

3. विषयांकित निविदा में निम्नलिखित 06 (छः) संवेदकों द्वारा भाग लिया गया :-

(1) M/S Niranjan Sharma

(2) M/S Sri Ram Enterprises

(3) M/s Shristi Developers Pvt. Ltd and Dinesh Kumar Sharma Construction Pvt.Ltd (J.V)

(4) M/S Broadway Links Private Limited

(5) M/S Topline Infra-Projects Private Limited

(6) M/S Veena Singh

4. उपभागीय ज्ञापांक–1338 दिनांक–13.08.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–13.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में उक्त निविदा में कुल 06 (छः) निविदाकारों में से 03 (तीन) निविदाकार यथा (1) M/S Niranjan Sharma (2) M/s Shristi Developers Pvt. Ltd and Dinesh Kumar Sharma Construction Pvt.Ltd (J.V) एवं (3) M/S Broadway Links Private Limited को तकनीकी बीड में सफल घोषित किये गये। 03 (तीन) निविदाकार यथा (1) M/S Sri Ram Enterprises को MBD के Section 17.2(a) एवं (b) (2) M/S Veena Singh को MBD के Section 3, Clause 1.2.3 एवं (3) M/S Topline Infra-Projects Private Limited को MBD के Section 17.2(a) एवं (b) तथा Section 3, Clause 1.2.3 एवं Clause 1.2.1(a) के तहत निविदा में वांछित न्यूनतम अहर्ता पूर्ण नहीं करने के कारण तकनीकी बीड मे असफल घोषित किया गया।

साथ ही विभागीय निदेश के अनुसार दो कार्य दिवस में इस निविदा में शामिल किसी निविदाकार का परिवाद/आपत्ति प्राप्त होने पर सक्षम स्तर से परिवाद निष्पादन के उपरांत ही वित्तीय बीड खोलने हेतु निदेश दिया गया।

उक्त के आलोक में निविदाकार (1) M/S Sri Ram Enterprises से दिनांक 17.08.2026 एवं (2) M/S Veena Singh द्वारा दिनांक–17.08.2026 को ई–मेल के माध्यम से उपभागीय कार्यालय में दो परिवाद समर्पित किया गया है।

5. उपभागीय ज्ञापांक–1338 दिनांक–13.08.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–13.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की निर्णय के विरूद्ध विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा (1) M/S Sri Ram Enterprises के पत्रांक–SRE/2026-27/83 दिनांक 17.08.2026 एवं (2) M/S Veena Singh के पत्रांक–शून्य दिनांक–17.08.2026 द्वारा तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय एवं सफल निविदाकार M/s Niranjan Sharma एवं M/s Shristi Developers Pvt. Ltd and Dinesh Kumar Sharma Construction Pvt.Ltd (J.V) के विरूद्ध उपभागीय कार्यालय में परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिप्रेक्ष्य में मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1415(अनु०) दिनांक–25.08.2026 द्वारा परिवाद पर दिनांक–25.08.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गई है।

6. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के उक्त निर्णय के विरूद्ध तकनीकी बीड में असफल निविदाकार (1) M/S Sri Ram Enterprises के पत्रांक–SRE/2026-27/83 दिनांक 17.08.2026 एवं (2) M/S Veena Singh के पत्रांक–शून्य दिनांक–17.08.2026 द्वारा तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय एवं सफल निविदाकार M/s Niranjan Sharma एवं M/s Shristi Developers Pvt. Ltd and Dinesh Kumar Sharma Construction Pvt.Ltd (J.V) के विरूद्ध परिवाद समर्पित किया गया है जो निम्नवत् है :-

परिवाद/आपत्ति की समीक्षा :–

| | परिवाद/आपत्ति | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय/अनुशंसा | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|
| 1 | **M/S Sri Ram Enterprises**<br><br>At the time of floating of the tender, the estimated cost and EMD amount were clearly specified in the tender documents and on the e-Procurement Portal. Accordingly, **relying upon the EMD amount mentioned in the tender documents and displayed on the portal**, we have submitted the EMD / Bid Security in the form of Bank Guarantee whose details are mentioned hereunder –<br><br>BG Number – 190BG07261690003<br>BG Amount – Rs. 1,76,60,000/-<br>Bank Name – YES Bank Ltd.<br>Date of Expiry – 31-12-2026<br>Pertaining to the mentioned bid, during the course of the bidding process, the authority has issued several corrigendum/addendums including extension of bid submission due date, Pre-bid responses & departmental letters, Bar Chart, rectification in MBD Clauses, revised technical & financial sheet. Subsequently, vide 3rd Corrigendum, the estimated cost of the work was revised. Although the revised estimated cost was mentioned in the corrigendum, but no specific or separate corrigendum was issued clearly revising the corresponding EMD amount. More importantly, the **revised Estimated Cost and EMD amount was not incorporated / updated in the relevant payment section of the e-Procurement Portal**, where the earlier EMD amount continued to be displayed. **Till the final date of submission of the bid**, the portal **continued to display** the **Estimated Cost: Rs. 166,59,20,628/- & EMD / Bid Security: Rs. 1,76,60,000/-.** However, we have made EMD / Bid Security according to the EMD amount displayed in the relevant section of the portal. Therefore, | निविदाकार द्वारा विषयगत निविदा में वांछित EMD की राशि Rs. 1,77,00,000/- मात्र के विरूद्ध राशि Rs. 1,76,60,000/- मात्र का Bank Guarantee Upload किया गया है। निविदाकार द्वारा प्रतिवेदित है कि **"Revised Estimated Cost and EMD amount was not incorporated / updated in the relevant payment section of the e-Procurement Portal"** जो कि सत्य नहीं है। निविदाकार द्वारा इस संदर्भ में वांछित राशि से कम राशि के EMD को विभागीय पत्रांक–2441 (E) दिनांक–18.06.2010 के आलोक में मान्य किये जाने का अनुरोध किया गया है। चूँकि विषयगत निविदा में EMD की राशि में बदलाव से संबंधित Corrigendum no.-03/2026-27 Pre Bid Meeting (दिनांक–10.06.2026) के भी पूर्व दिनांक–06.06.2026 को ही **eproc2.bihar.gov.in** पर Upload की गयी थी। साथ ही हरेक Corrigendum के उपरांत निविदाकार द्वारा Re-Submission करने का नियम है, जिसे आपके द्वारा किया गया है किन्तु BG से संबंधित Amendment अपलोड नहीं किया गया है। इस लिए उपरोक्त वर्णित विभागीय पत्र में उल्लिखित "ससमय सूचना के अभाव में" जैसी स्थिति विषयगत निविदा में नहीं है।<br><br>अतः निविदाकार की आपत्ति को अमान्य किया जा सकता है। | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | we had every valid reason to believe that the EMD amount already submitted by us was correct and in accordance with the tender requirements. The e-Procurement Portal itself continued to display the earlier EMD amount. At the time of final submission, while revising / checking the bid documents, we noticed that the Technical Bid Sheet contained a revised EMD amount, which was different from the amount displayed on the e-Procurement Portal. We immediately attempted to make payment of the revised EMD amount through the Internet Payment Gateway facility. However, the portal / payment gateway continued to show the old EMD amount, thereby making it impossible for us to deposit the revised amount through the prescribed online payment system.<br><br>Consequently, the concerned authority has declared our bid as non-responsive due submission of EMD amount less than the required EMD amount. In this regard, we would like to state that the change in the amount of EMD / Bid Security is a vital change in the tender document. Therefore, such a change should have been communicated through a specific corrigendum and, simultaneously, such amendments should have been also incorporated in the relevant payment section of the official e-procurement portal, i.e., **eproc2.bihar.gov.in**.<br><br>It is therefore evident that there was a discrepancy between the tender documents/Technical Bid Sheet and the e-Procurement Portal. The change in estimated cost and EMD was incorporated in the technical sheet by the Division, but the corresponding change was not updated in the portal/payment section. This discrepancy was beyond the control of the bidder and naturally resulted in confusion regarding the exact EMD amount payable.<br><br>In the present situation, the authority is **disqualifying our bid** on the ground that the EMD / Bid Security was not provided | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | as per the amount of EMD / Bid Security mentioned in the tender. However, under such case, **if any bidder had opted to submit the EMD / Bid Security** through the **Internet payment Gateway or Bank Challan**, where there was **no provision available on the e-procurement portal to manually alter or modify the amount of EMD, Tender Fee or Tender Processing Fee displayed by the system**. In such a situation, would such bidder also be considered technically non-responsive because the revised EMD amount mentioned in the Technical Bid Sheet or the **authority would take the responsibility** for such **error arising due to the discrepancy in the amount** of technical bid sheet and the amount displayed on the portal.<br><br>On the other hand, as per Letter No. **2441(E) of the Road Construction Department (RCD), Bihar**, it has been specifically mentioned that where there is an increase in the prescribed **EMD/Bid Security amount** from the amount mentioned earlier in tender, the **EMD amount submitted as per the earlier provision shall be considered for the purpose of qualifying the bidder during technical evaluation**. Further, after award of the contract, the **differential amount of EMD shall be managed/adjusted as Security Money**.<br><br>We further say that there was no intention on our part to submit an inadequate EMD**.** We even attempted to deposit the revised amount through Internet Payment Gateway the discrepancy came to our notice, but the portal itself did not permit/reflect the revised amount**. At the time of final submission** of the bid, **the EMD / Bid Security amount displayed** on the official e-procurement portal was **Rs. 1,76,60,000/- and accordingly we have submitted the EMD** amount displayed on the official portal. | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | In view of the facts and circumstances stated above, we earnestly request the Hon'ble Sir to kindly consider the matter sympathetically and examine the discrepancy amounts between the revised Technical Bid Sheet and the official portal at the time of submission of our bid. We further request to kindly consider our bid and qualify the same for further proceedings.<br><br>We shall be highly obliged for your kind consideration and necessary favourable action in the matter. | | |
| 2 | **M/S Veena Singh**<br>1. प्रासंगिक पत्र द्वारा दिनांक-13.08.2026 को तकनीकी बीड मुल्यांकन समिति द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में Existing Commitment से संबंधित अपलोड की गयी विवरणी में उल्लेखित कुल 17 ( सतरह) कार्यों में से क्रम सं0-4, 10 एवं 17 पर अंकित कार्य से संबंधित Engineer-in-charge द्वारा पत्रांक एवं दिनांक अंकित किया गया है, परंतु पत्र निविदा के साथ अपलोड नहीं किया गया है। इस प्रकार मुझे MBD के Section - 3 Clause 1.2.3 में वांछित न्यूनतम अर्हत्ता पूर्ण नहीं रहने के कारण तकनीकी बीड में असफल घोषित करने का निर्णय लिया गया है। इस संदर्भ में सादर अनुरोधपूर्वक भवदीय को अवगत कराना चाहेंगे कि मेरे द्वारा MBD के Section 1.2.3 Section 4E 10, Fin - 4 में मेरे फर्म में जितना Existing Commitments ongoing work से संबंधित कार्य था उसका विवरणी (कुल 17 कार्य) निविदा के साथ अपलोड किया गया है, जिसमें क्रम संख्या-8, 12,14 एवं 16 पर एक-एक कार्य का नाम दोबारा टंकित हो गया है यानि मेरे द्वारा निविदा के साथ Existing Commitment से संबंधित कुल कार्य 13 अद है, जिसका सत्यापन भी संबंधित कार्य प्रमंडल से करा लिया गया है एवं सत्यापित प्रति कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल खगड़िया द्वारा समर्पित की जा चुकि है ।<br><br>उक्त के आलोक में भवदीय से सादर अनुरोध है कि विभागीय पत्रांक 6158 (एस०), दिनांक 09.07.2014 में MBD आधारित निविदा के तकनीकी बीड के निष्पादन हेतु Eligibility Criteria के संबंध में निदेश कंडिका- 5.2 द्वितीय प्रक्रम के तहत इन बिन्दुओं पर निविदाकार से Clarification & Modification का अवसर दिया | निविदाकार M/S Veena Singh द्वारा Existing Commitment के तहत निविदा में Uploaded विवरणी के क्रम सं0–4, 10 एवं 17 पर दर्शाये गये कार्य से संबंधित Engineer-in-charge द्वारा निर्गत वांछित अभिलेख निविदा के साथ Upload नहीं किया गया है। निविदाकार द्वारा विवरणी में Engineer-in-charge द्वारा निर्गत पत्रांक एवं दिनांक अंकित किया गया है। इस संबंध में निविदाकार द्वारा विभागीय पत्रांक–6158 (एस०), दिनांक 09.07.2014 को संदर्भित करते हुए Existing Commitment के Clarification & Modification का अवसर दिये जाने का उल्लेख किया गया है। चूँकि निविदाकार द्वारा निविदा के साथ वांछित अभिलेख Upload हीं नहीं किया गया है, ऐसी स्थिति में उसके Clarification & Modification का औचित्य नहीं है।<br><br>अतः निविदाकार की आपत्ति को अमान्य किया जा सकता है। | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | जायेगा एवं इस क्रम में उन्ही कागजातों / अभिलेखों को मान्यता दी जायेगी जो निविदा की प्राप्ति के तिथि के पूर्व के होंगे। इस प्रकार मेरे द्वारा Existing Commitments से संबंधित केवल क्रम संख्या - 04 में उल्लेखित कार्य को छोड़ कर बाकी शेष वांछित कागजातों का Engineer-in-charge द्वारा निर्गत अभिलेख निविदा के साथ अपलोड किया गया है। अतः भवदीय से अनुरोध है कि उपरोक्त वर्णित तथ्यों पर MBD के कंडिका- 22.1 एवं पथ निर्माण के आदेश के ज्ञापांक-मु.अ.(अनु.) विविध - 03 - /2006 5196 (5) पटना, दिनांक- 22.05.09 किसी भी संवेदक की Bid Capacity का मूल्यांकन करने से पूर्व अनुश्रवण कोषांग से उस संवेदक के पास तीनों उपभाग में लंबित /आवंटित कार्यों का ब्यौरा प्राप्त कर लेंगे एवं तदनुसार ही Technical Bid पर निर्णय लेंगे के आधार पर भी पुनः तकनीकी बीड मुल्याकंन कर मुझे सफल घोषित करने की कृपा की जाय । | | |
| | 2. भवदीय को अवगत कराना चाहेंगे कि विषयांकित कार्य के निविदा में M/s Shristi Developers Pvt. Ltd. & Dinesh Kumar Sharma Construction Pvt. Ltd. ( JV) द्वारा भाग लिया गया है, इनके द्वारा NIT के क्रमांक - 23 में वर्णित विभागीय पत्रांक- 8131 (S) We, दिनांक - 24.07.2012 के उपकंडिका- 2.2 के अनुसार Each Partner का First Class Executive Magistrate का शपथ-पत्र निविदा के साथ अपलोड किया जाना अनिवार्य है । साथ ही Joint Venture Agreement में दोनो पार्टनर का फोटो के साथ First Class Magistrate द्वारा Affidavit किया जाना है, जबकि इनके द्वारा Notary द्वारा बिना फोटो का ही Joint Venture Agreement अपलोड किया गया है, जो उपरोक्त उल्लेखित विभागीय पत्रांक के नियम के विरूद्ध है, फिर भी उन्हे तकनीकी बीड में सफल घोषित किया गया है। | निविदाकार M/s Shristi Developers Pvt. Ltd. & Dinesh Kumar Sharma Construction Pvt. Ltd. (JV) के Each Partner का First Class Executive Magistrate का शपथ–पत्र निविदा में Upload किया गया है। विभागीय पत्रांक- 8131 (S) We, दिनांक-24.07.2012 में Joint Venture Agreement में दोनो पार्टनर का फोटो के साथ First Class Magistrate द्वारा Affidavit किये जाने से संबंधित प्रावधान अंकित नहीं है।<br><br>अतः परिवादी की आपत्ति को अमान्य किया जा सकता है। | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |
| | 3. भवदीय को अवगत कराना चाहेंगे कि M/s Shristi Developers Pvt. Ltd. & Dinesh Kumar Sharma Construction Pvt. Ltd. (JV) Partner में (i). M/s Shristi Developers Pvt. Ltd. द्वारा वाद CWJC- 18129/2025 निविदा के Litigation History, LIT-1 में नहीं दिखाया गया है। | परिवादी निविदाकार द्वारा M/s Shristi Developers Pvt. Ltd. के जिस वाद संख्या–CWJC-18129/2025 को Litigation History के तहत छुपाने का परिवाद दिया गया है वह वाद वस्तुतः State Taxation Matters से संबंधित है। यह माामला किसी कार्य विभाग से संबंधित नहीं होने के कारण Litigation History के तहत दर्शाने की बाध्यता नहीं है।<br><br>अतः निविदाकार की आपत्ति को अमान्य किया जा सकता है। | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 4. दुसरा पार्टनर Dinesh Kumar Sharma Construction Pvt. Ltd. द्वारा भी वाद संख्या ARB.C/11741/2021, Date-01.06.2021 एवं CWP/4203/2025, Date-27.01.2025 यानी 02 (दो) अद्द Litigation History LIT - 1 नहीं दर्शाया गया है। इस प्रकार दोनो पार्टनर द्वारा जानबुझ कर Litigation History को छुपाया गया है। इनके द्वारा OPRMC Phase-III के कई पैकेजों में भाग लिया गया है। | परिवादी निविदाकार द्वारा प्रतिवेदित वाद संख्या–ARB.C/11741/2021, Date-01.06.2021 निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि के पूर्व Disposed off है।<br><br>इसके अतिरिक्त परिवादी निविदाकार द्वारा अंकित वाद संख्या–CWP/4203/2025 के संबंध में Advocate General एवं Add. Advocate General, State of Himachal Pradesh द्वारा E-mail (24.08.2026) के माध्यम से सूचित किया गया है कि उक्त वाद Pension matter से संबंधित है, जिसमें Dinesh Kumar Sharma Litigating Party नहीं है।<br><br>परिवादी निविदाकार द्वारा परिवाद के साथ संलग्न माननीय उच्च न्यायालय, हिमाचल प्रदेश के वेबसाइट कॉपी में दृष्टिगोचर वाद संख्या–CWP/1680/2025, Date-27.01.2025 के संबंध में उपभागीय E-mail के प्रतिउत्तर में Executive Engineer, Bilaspur Division-II HPPWD द्वारा दिनांक–26.08.2026 को E-mail के माध्यम से सूचित किया गया है कि "The case related to pre- tender decision and was filed by one of the unsuccessful bidder i.e M/s Puran Chand who was authorized signatory of M/s BLN-PCS(JV) in which sh. Dinesh Kumar Sharma const. PVT LTD. and Bhupender Paul Mahajan were added as party. Hence said contractor i.e SH. Dinesh Kumar Sharma const. PVT LTD. was not a litigator in the said case". चूँकि वाद सं०–CWP/4203/2025 एवं CWP/1680/2025 में Dinesh Kumar Sharma Construction Pvt. Ltd. Litigation creator नहीं हैं, फलस्वरुप वर्णित उक्त दोनों वाद को LIT-1 में दर्शाने की | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | बाध्यता नहीं है।<br><br>अतः निविदाकार का परिवाद अमान्य किया जा सकता है। | |
| | 5. भवदीय को अवगत कराना चाहेंगे कि मुझे ज्ञात हुआ है कि इनके द्वारा EMD के रूप मे जो BG निविदा के साथ अपलोड किया गया है, वह पूर्व में Shristi Developers Pvt. Ltd. के नाम से था, बाद में बैंक द्वारा कटिंग कर उसके स्थान पर SD - DKS (JV) बना दिया गया है एवं विभाग द्वारा अपलोडेड BG को सत्यापन कराने के उपरांत केवल Shristi Developers Pvt. Ltd. के नाम से ही सत्यापित किया गया है, जो जॉच का विषय बनता है । | विषयगत निविदा में निविदाकार M/s Shristi Developers Pvt. Ltd. & Dinesh Kumar Sharma Construction Pvt. Ltd. (JV) के द्वारा EMD के रूप में BG MBD के Section-1 Clause-17.9 के अनुरूप In the name of Joint Venture (SD-DKS (JV) Upload किया गया है। BG हेतु Name & Address of Applicant के रूप में Shristi Developers Pvt. Ltd का नाम अंकित है।<br><br>अतः निविदाकार की आपत्ति को अमान्य किया जा सकता है। | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |
| | 6. भवदीय के संज्ञान में देना चाहतें है कि M/s Niranjan Sharma को विषयांकित कार्य में तकनीकी बीड में सफल घोषित किया गया है। इस संबंध में अवगत कराना चाहेंगे कि MBD के Section 3, Clause-2.4.2, Section 4E.13, Form Exp - 2 (b) में Bituminous Treatment के तहत केवल BM, DBM, BC & SDBC के Quantity को ही लेकर तकनीकी बीड का मुल्यांकन किया जाना है। इस संदर्भ में ज्ञात हुआ है कि इनके द्वारा जो Bituminous Treatment के लिए Specific Experience की Quantity की गणना की गई है, उसमें Mastic Asphalt की Quantity को भी शामिल किया गया है, जो उपरोक्त वर्णित MBD एवं Technical मुल्यांकन शीट के विरूद्ध है, जो जाँच का विषय बनता है। इस प्रकार Mastic Asphalt की Quantity की गणना कर इन्हें Bituminous Treatment कार्य के वांछित अहर्त्ता पूर्ण किया गया है । उक्त के आलोक में भवदीय से सादर अनुरोध है कि उपरोक्त बिन्दुओं पर कंडिकावार पुर्नविचार करते हुए पुनः तकनीकी बीड मुल्यांकन करने की कृपा की जाय, साथ ही मेरे द्वारा उठाये गये बिन्दुओं पर महति कृपा करते हुए तकनीकी बीड में सफल करने की कृपा की जाय । | विभागीय पत्रांक–प्र0–6/द0बि0–नियम–03–02/04–134 (E) दिनांक–08.01.2026 के द्वारा Mastic Asphalt को Bituminous work के अर्हत्ता में समाहित किये जाने का प्रावधान किया गया है।<br><br>अतः निविदाकार की आपत्ति को अमान्य किया जा सकता है। | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

7. **परिवाद की समीक्षा एवं तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा :–**

उपरोक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में उपभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की दिनांक–13.08.2026 को संपन्न बैठक में लिये गये निर्णय को यथावत रखा जा सकता है।

8. परिवाद समिति का निर्णय :–

(i) विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार **(1) M/S Sri Ram Enterprises** के पत्रांक–**SRE/2026-27/83** दिनांक 17.08.2026 एवं **(2) M/S Veena Singh** के पत्रांक–शून्य दिनांक–17.08.2026 के द्वारा दिए गए परिवाद/आपत्ति को अमान्य/अस्वीकार करने का निर्णय लिया गया।

(ii) 03 (तीन) निविदाकार यथा **(1) M/S Sri Ram Enterprises** को **MBD** के **Section 17.2(a)** एवं **(b) (2) M/S Veena Singh** को **MBD** के **Section 3, Clause 1.2.3** एवं **(3) M/S Topline Infra-Projects Private Limited** को **MBD** के **Section 17.2(a)** एवं **(b)** तथा **Section 3, Clause 1.2.3** एवं **Clause 1.2.1(a)** के तहत निविदा में वांछित न्यूनतम अहर्ता पूर्ण नहीं करने के कारण तकनीकी बीड मे असफल घोषित करने का निर्णय लिया गया।

(iii) 03 (तीन) निविदाकार यथा **(1) M/S Niranjan Sharma (2) M/s Shristi Developers Pvt. Ltd and Dinesh Kumar Sharma Construction Pvt.Ltd (J.V)** एवं **(3) M/S Broadway Links Private Limited** को निविदा की वांछित अर्हत्ता पूर्ण करने के कारण तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता हैं। तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों का वित्तीय बीड खोलने का निदेश मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया गया।

(iv) उपभागीय ज्ञापांक–1338 दिनांक–13.08.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–13.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को यथावत रखा जाय।

(v) मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

8.1 परिवाद समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

(हस्ताक्षर) 31/8/26
(सुनील कुमार सुमन)
मुख्य अभियंता,
सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(हस्ताक्षर) 31/8/26
(राजेश कुमार गुप्ता)
मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(हस्ताक्षर) 31/8/26
(अभिषेक पलासिया)
संयुक्त सचिव,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(हस्ताक्षर) 31/8/26
(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–71/2026 – 6040 E पटना, दिनांक 31/8/26

**प्रतिलिपिः–** मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 31/8/26
(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।